## Regarding demand for improvement of Versova Jetty in Mumbai

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर **(मुम्बई उत्तर-पश्चिम) :** सभापति महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से वर्सोवा जेट्टी से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाना चाहता हूं, जो मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है । यहाँ कोली (मछुआरा) समुदाय कई वर्षों से मत्स्य व्यवसाय पर निर्भर है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के कारण उनका जीवन और रोजगार दोनों संकट में हैं । केन्द्र सरकार को इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए और वर्सोवा जेट्टी का आधुनिकीकरण करना चाहिए ।

महोदय, इसके लिए मैं केन्द्र सरकार से वर्सोवा जेट्टी के पुनरुद्धार, मछुआरों की आजीविका का संरक्षण, और इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विशेष आर्थिक पैकेज जारी करने की मांग करता हूं । यह पैकेज आधुनिक जेट्टी निर्माण, कोल्ड स्टोरेज, स्वच्छता, नौकाओं की सुरक्षा, कचरा प्रबंधन और जल आपूर्ति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाए । यदि ये कदम जल्द नहीं उठाए गए, तो यह क्षेत्र और यहां का मछुआरा समुदाय गहरे संकट में चला जाएगा । सरकार को तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाना चाहिए, यह मेरी मांग है ।